केन्द्रीय विद्यालय ए एफ एस मनौरी इलाहाबाद उत्तर प्रदेश सत्र:-2016-17

संकलनात्मक परीक्षा-तीन

विषय:- हिन्दी   समय:-1/30 घटें   पूर्णांक:-40

कक्षा- आठवीं (VIII)

(खण्ड- क)

प्रश्न-1 अपठित गद्यांशको पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों मे से सही विकल्प चुनकर लिखिए-**1X5=5**
सभी धर्म हमें एक ही ईश्वर तक पहुँचाने के साधन हैं। अलग-अलग रास्तों पर चलकर भी हम एक ही स्थान पर पहुँचते हैं। इसमें किसी को दुःखी नहीं होना चाहिए। हमें सभी धर्मों के प्रति समान भाव रखना चाहिए। दूसरे धर्मों के प्रति समभाव रखने से धर्म का क्षेत्र व्यापक बनता है। हमारी धर्म के प्रति अन्धता मिटती है। इससे हमारा प्रेम अधिक ज्ञानमय और पवित्र बनता है। यह बात लगभग असम्भव है, कि इस पृथ्वी पर कभी भी एक धर्म रहा होगा या हो सकेगा। हमें ऐसे धर्म की आवश्यकता है जो विविध धर्मों में मूल तत्व को खोजे, जो विविध धर्मों के अनुयायियों के मध्य सहनशीलता की भावना को विकसित कर सके। हमें संसार के धर्म ग्रन्थों को पढ़ना और समझना चाहिए। हमें दूसरे धर्मों क वैसा ही आदर करना चाहिए, जैसा हम दूसरों से अपने धर्म का कराना चाहते हैं। लेखक की दूसरे धर्मों के बारे में जानकारी प्राप्त करने से दूसरे धर्मों के प्रति श्रद्धा बढ़ी है तथा उसका दृष्टिकोंण विस्तृत हुआ है।

क- गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षकहोगा-

I. उचित धर्म
II. धर्म का मर्म
III. धर्म का ज्ञान

ख- अलग-अलग रास्ते किसके हैं?

I. गावों के
II. शहरों के
III. धर्म के

ग- धर्म का क्षेत्र व्यापक कब बनता है?

I. अपने धर्म का प्रचार करने से
II. अपने काम करने से
III. दूसरे धर्मों के प्रति समभाव रखने से

घ- हमारा प्रेम अधिक ज्ञानमय और पवित्र कब बनता है?

I. धर्मान्धता मिटने से
II. कट्टरता से
III. सम्प्रदाय से

ङ- दूसरे धर्मों के बारे में जानकारी से किस धर्म के प्रति बढ़ी है?

I. मुस्लिम धर्म के प्रति

II. ईसाई धर्म के प्रति

III. सम्प्रदाय के

(खण्ड- ख)

प्रश्न-2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1X5=5

लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह नीचे गली की ओर चल पड़ा। अपने वेग में उल्का को लजाता हुआ वह आँखों से ओझल हो गया। किसी ज़माने में न्यूटन नाम के किसी खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण शक्ति नाम की एक चीज़ ईजाद की थी। कहना न होगा कि यह सारी शक्ति इस समय लोटे के पक्ष में थी।

क- यहाँ किस लोटे का वर्णन है, गली की ओर चल पड़ा?

ख- लोटे की चाल के बारे में गद्यांश में क्या बताया गया है?

ग- न्यूटन कौन था? उसने क्या खोज की थी?

घ- न्यूटन की ईजाद की गई शक्ति लोटे में किस प्रकार आ गई?

ङ- उल्का को लजाता हुआ से क्या तत्पर्य है?

प्रश्न-3- निम्नलिखिति प्रश्नों प्रश्नों के उत्तर लिखिये। 2X3=9

क- जब पहली बोलती फ़िल्म प्रदार्शित हुई तो उसके पोस्टर पर कौन से वाक्य छापे गए? उस फ़िल्म में कितने चेहरे थे?

ख- पुडुकोट्टई में कोई महिला अगर चुनाव लड़ती तो अपना पार्टी-चिन्ह क्या बनातीऔरक्यों?

ग -सुदामा की दीन दशा देखकर श्री कृष्ण की क्या मनोदशा हुई? अपने शब्दों में लिखिए

(खण्ड- ग)

प्रश्न-4- (क) बेधुली-बालटी में धुली शब्द से पहले‘बे’लगा है।जिसका अर्थ है‘ बिनाधुली’, ‘बे ’एक उपसर्ग है।‘बे’उपसर्ग से बनने वाले दो (2) शब्द बनाइए। 2

(ख) ‘इत’और‘इक’प्रत्यय से बने एक-एक शब्द लिखिए। 2

(ग) ‘भर’और‘बद’ उपसर्ग लगा कर एक-एक शब्द बनाइए। 2

प्रश्न-5-(क) निम्न मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए। 2

I. तिलमिला उठना

II. दुमदबाकर भागना

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक (विलोम) शब्द लिखिए। 2

I. दिन

II. शीत

(खण्ड- घ)

प्रश्न-6- अपने मोहल्ले की सफ़ाई के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

अथवा

खेलों की उचित व्यवस्था हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

प्रश्न-7-किसी तीन प्रश्न के उत्तर लिखें-(2*3)=6

(क)-अकबर बादशाह के क्या लक्ष्य थे?

(ख)-तैमूर कौन था ?
(ग)-महाराजा रणजीत सिंह के व्यकितत्व पर टिप्पणी कीजिए।